# Pre-Job-fair training 1-3 Feb, 2024

दिनांक 1-3 February, 2024 को राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़ के Seminar Hall में Online Pre-Job fair training का आयोजन किया गया। इस training का उद्देश्य 9 February, 2024 को GCG, Sector-14, Gurugram में होने वाले Job-fair के लिए विद्यार्थियों को तैयार करना। इस training में महाविद्यालय के 34 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

Scanned with CamScanner

# Job-fair 9 Feb, 2024

9 फरवरी, 2024 को GCG, sector-14 Gurugram में आयोजित रोजगार मेले में राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़ के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें B.Com III BSc III (med), B.Sc III (NM), B.A III तथा MA (Eng) अंतिम ~~वर्ष~~ वर्ष के विद्यार्थी शामिल रहे। Job-fair में विद्यार्थियों ने विभिन्न बैंक तथा companies में अपनी रुचि दिखाई। रोजगार मेले में महाविद्यालय के 1 विद्यार्थी ने रोजगार पाया।

Selected Candidates—

(i) Chhatarpal; BSc (NM) 6th Sem
Roll. No. — 2111111003025
selected in Katak Mahindra Bank Gaziabad.

Parmila
Incharge

# विस्तृत व्याख्यान

19/02/2024

Date
Page

आज दिनांक 19/02/2024 को राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़ में प्लेसमेंट सैल के तत्वाधान में एक विस्तृत व्याख्यान "Personality Development and Career Opportunities" का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय, नारनौल की प्राचार्य पूर्ण प्रभा रही।

20/02/2024

## प्रत्येक कार्य को करने के लिए लगन और मेहनत से आगे बढ़े: डॉ. पूर्ण प्रभा



**महेंद्रगढ़** | राजकीय महाविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ व प्लेसमेंट सैल के अन्तर्गत विस्तृत व्याख्यानों का आयोजन किया गया।

जिसमें राजकीय महाविद्यालय, नारनौल की प्राचार्य पूर्ण प्रभा ने महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जेंडर सेंसेटाइजेशन और प्लेसमेंट सेल में करियर विषयों पर अपना ओजस्वी व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि पुरुष एवं महिला एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं तथा जीवन रूपी गाड़ी को सुचारू रूप से खींचने के लिए दोनों ही पहियों की आवश्यकता होती है। इसलिए आज समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता है। रोजगार अवसर विषय पर बोलते हुए कहा कि हमें पूरी लगन एवं मेहनत के साथ प्रत्येक कार्य को करने के लिए आगे बढ़ना चाहिए, तभी हम उसमें सफल हो सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर एम.आर. लांबा ने इस विषय पर बोलते हुए इसे पौराणिक ग्रंथों से जोड़कर प्राचीन काल से ही महिलाओं की सहभागिता पर प्रकाश डालते हुए उनके महत्व को प्रतिपादित किया। इस अवसर पर प्रो. विजय यादव, डॉ. बलजीत सिंह, डॉ. शमशेर सिंह, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. सोमवीर, डॉ. रेणु यादव, डॉ. मुकेश यादव, प्रो. विकास, डॉ. पविता यादव, प्रो. मनीषा आदि लोग मौजूद थे। उपस्थित रहा।


Incharge

Scanned with CamScanner

12/03/2024 (10)

विस्तृत व्याख्यान

आज दिनांक 12/03/2024 को राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़ में प्लेसमेंट सैल के तत्वाधान में एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में ईश्वर भारद्वाज उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को PMKVY योजना के बारे मे बताया। भविष्य में computer की उपयोगिता के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि PMKVY योजना के तहत college के स्टुडेंट (विद्यार्थियों) को without fee computer course करवाया जायेगा। इसके पश्चात इन्हें computer course की certificate भी दी जायेगी, जिसका Benefit इन्हें Govt Jobs में भी मिलेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य जी ने भारद्वाज जी का धन्यवाद किया।




Seen

Parmod
Incharge

Scanned with CamScanner

Extension Lecture  18/04/2024

दिनांक 18/04/2024 को राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़ में प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. कृतिका उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण ने की। मुख्य वक्ता डॉ. कृतिका ने विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चिकित्सा क्षेत्र में जाने के लिए विद्यार्थी को medical field का होना ही जरूरी नहीं है, दूसरे field के विद्यार्थी भी इस क्षेत्र में अपना career बना सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने शारीरिक क्षमताओं पर जोर देते हुए जंक फूड से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य जी ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया।

19/4/24 दैनिक भास्कर

## कॉलेज में 'स्वास्थ्य क्षेत्र में कॅरियर' विषय पर विस्तार व्याख्यान



महेंद्रगढ़ | राजकीय महाविद्यालय के शांति भवन में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में स्वास्थ्य क्षेत्र में कॅरियर पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण ने की। मंच संचालक डॉ. पविता यादव ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. कृतिका ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मेडिकल के विद्यार्थियों के साथ-साथ आर्ट्स और अन्य विद्यार्थी भी अपना कॅरियर बना सकते हैं। स्वास्थ्य एक सकारात्मक अवधारणा है जो सामाजिक और व्यक्तिगत संसाधनों के साथ-साथ शारीरिक क्षमताओं पर भी जोर देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को जंक फूड से दूर रहने की सलाह दी। प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज डॉ. परमीत कुमारी ने भी अपने विचार रखे। अंत में प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया।

2 Extension Lecture 19/4/24 (11)

(i) Time – 10:30 A.M.
(ii) Time – 12:00 P.M.

Date
Page

दिनांक 19/04/2024 को राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़ में प्लेसमेंट सैल के तत्वाधान में एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में एडवोकेट रेखा यादव तथा एडवोकेट सौनिया यादव एह उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने की। मुख्य वक्ता एडवोकेट रेखा यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बचना चाहिए, इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को कानूनी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के बारे में जानकारी की। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य जी ने आयोजकों एवं बाहर से आए मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया।

20/4/24 दैनिक भास्कर

## ...डिया के दुष्प्रभाव से बचकर इसका सकारात्मक प्रयोग करें विद्यार्थी

...य महाविद्यालय ...प्लेसमेंट सेल ...कानून क्षेत्र में ...र पर विस्तार ...आयोजन किया ...क डॉ पविता ...ा का स्वागत ...ी अध्यक्षता ...रायण ने की। ...ट रेखा यादव ...विद्यार्थियों को ... दुष्प्रभाव से बचना चाहिए तथा इसका सकारात्मक दिशा में प्रयोग करना चाहिए। प्लेसमेंट संयोजक डॉक्टर परमीत ने बताया कि महाविद्यालय सत्र पर विद्यार्थियों में सुधार लाने के लिए ही हम इस तरह का आयोजन करवाते रहते हैं तथा स्वयं भी अपने विद्यार्थियों को प्रेरित करते रहते हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर लक्ष्मी नारायण ने आयोजकों एवं बाहर से आए मेहमानों का आभार व्यक्त किया तथा उन्हें यह विश्वास दिलवाया कि उनके इस प्रकार की व्याख्यान का विद्यार्थियों पर निश्चय ही सकारात्मक असर होगा तथा भविष्य में वे उससे लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ के सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।



Parmit

Scanned with CamScanner

Session 2024-25

Interview Session (Axis Bank)

Date: 24/08/2024

दिनांक 24/08/2024 को राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़ में प्लेसमेंट सैल के तत्त्वाधान में महत्वपूर्ण साक्षात्कार सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर NIIT एजेंसी की टीम द्वारा Axis Bank में सहायक मैनेजर के पद के लिए साक्षात्कार लिए गए। इस अवसर पर एसोसिएट सॉर्स पार्टनर NIIT लिमिटेड के प्रतिनिधि मनोज कश्यप एवं काउंसलर प्रीति सहरावत की टीम ने कॉलेज के कुल 72 विद्यार्थियों के साक्षात्कार लेकर 34 विद्यार्थियों का दूसरे चरण के लिए चयन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण ने इस साक्षात्कार सत्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को वास्तविक पेशेवर दुनिया में अवसर प्राप्त करने का एक अनूठा मौका प्रदान करते हैं।

[signature]

Incharge

Scanned with CamScanner

जागरूकता व्याख्यान
24/09/2024

Date
Page

आज दिनांक 24/09/2024 को राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़ में विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा प्लेसमेंट सेल के सहयोग से पर्यटन के महत्व और करियर के अवसरों पर एक जागरूकता व्याख्यान और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में CUH से प्रो. जितेन्द्र कुमार और डॉ. शिखा ने विद्यार्थियों को पर्यटन के क्षेत्र में करियर के विविध विकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

दैनिक भास्कर 25/09/24

# 'पर्यटन के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के कई अवसर'



**महेंद्रगढ़|** विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग, हकेंवि द्वारा राजकीय महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ की प्लेसमेंट सेल के सहयोग से पर्यटन के महत्व और उसमें करियर के अवसरों पर एक जागरूकता व्याख्यान और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण ने की। इसमें पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग हकेंवि, जाट-पाली से प्रो. जितेन्द्र कुमार और डॉ. शिखा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को पर्यटन के क्षेत्र में करियर के विविध विकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रो. जितेन्द्र कुमार ने अपने व्याख्यान में बताया कि कैसे पर्यटन का क्षेत्र युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी बढ़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान, पर्यटन पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रो. विजय यादव, प्रो. जितेन्द्र कुमार वशिष्ठ, डॉ. परमीत कुमारी, प्रो. अजय पाल, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. अरूण भारत केंद्रीय विश्वविद्यालय से शोधार्थी शिवम, सलोनी आदि उपस्थित रहे।

Seen

Parmod

Scanned with CamScanner

# Interview Session

Date :- 14/10/2024

दिनांक 14/10/2024 को राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़ में प्लेसमेंट सैल के तत्वाधान में साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनआईआईटी एजेंसी की टीम द्वारा आइसीआईसीआई बैंक में Relationship manager के पद के लिए साक्षात्कार लिए गए। कॉलेज के प्लेसमेंट सैल इंचार्ज डा परमीत कुमारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर एसोसिएट सॉर्स पार्टनर एनआईआईटी लिमिटेड के प्रतिनिधि नरेश कुमार ने कॉलेज के कुल 27 विद्यार्थियों के साक्षात्कार लेकर 3 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर प्रचार्य एल.एन. यादव ने साक्षात्कार में सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों में भाग लेने से प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और कौशल का विकास व आत्मविश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर डॉ पविता, डा विकास गुप्ता आदि स्टाफ सदस्य रहे।

Parmit

Prem

विस्तृत व्याख्यान

Date :- 20/01/2025

मुख्य वक्ता :- रेखा यादव

## कानून केवल वकालत तक नहीं है, इसमें अनेक विकल्प मौजूद हैं

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय के शांति भवन में सोमवार 'कानून क्षेत्र में करियर के अवसर' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जागरूक करना था। मंच संचालक डॉ. सोमवीर ने किया। अध्यक्षता प्राचार्य विजय यादव ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए इस कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एडवोकेट रेखा यादव ने अपने संबोधन में कानून क्षेत्र में उपलब्ध करियर विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कानून का क्षेत्र केवल वकालत तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कानूनी सलाहकार, न्यायाधीश, कॉर्पोरेट लॉ विशेषज्ञ व विधि प्रोफेसर जैसे अनेक विकल्प मौजूद हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए सही दिशा में मेहनत करने की सलाह दी। प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. परमीत कुमारी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की पढ़ाई में रुचि बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें अपने भविष्य को लेकर स्पष्ट सोचने के लिए प्रेरित भी करते हैं। इस अवसर पर डॉ. पविता यादव, डॉ. रेनू यादव आदि उपस्थित रहे।

विस्तृत व्याख्यान

Date :- 22/01/2025

दिनांक 22/01/2025 को राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़ में प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. कृतिका सिंह रही। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि बैचलर डिग्री के बाद मेडिकल क्षेत्र में कई करियर के अवसर है उन्होंने बताया कि बैचलर डिग्री के बाद मेडिकल क्षेत्र में अनेक सम्भावनाएं है अंत में प्राचार्य जी ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया।

2 विस्तृत व्याख्यान

Date :- 27/01/2025

(1) Communication skill & Personality development

(2) Career opportunities in Commerce

## विद्यार्थी जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करें: डॉ. सुधीर

महेंद्रगढ़ | राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके करियर के बारे में जागरूक करना था। इस दौरान महाविद्यालय सतनाली के प्राचार्य डॉ. सुधीर लाम्बा और डॉ. महेश सिंह मुख्य वक्ता रहे। डॉ. महेश सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उस पर कड़ी मेहनत करनी चाहिए और इसके लिए सही दिशा में प्रयास करना आवश्यक है। डॉ. सुधीर लाम्बा ने विद्यार्थियों को समय के महत्व के बारे में बताया और टाइम मैनेजमेंट की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य विजय यादव ने मुख्य वक्ताओं का धन्यवाद किया।

Seen